**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–08.05.2024 (संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **एनडीए और इंडी गठबंधन का चुनाव प्रचार जोरों पर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राजद के तेजस्वी यादव और मंत्री आलमगीर आलम ने की जनसभा।**
2. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के नोडल पदाधिकारियों के साथ की चुनाव तैयारियों की समीक्षा, कहा–सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरे से होगी निगरानी।**
3. **ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय में की कागजात की जांच, सचिव के टेबल के दराज में मिले दो लाख रुपये।**
4. **राज्यभर में अगले पांच दिनों तक हल्की और मध्यम दर्जे की होगी बारिश, वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी।**
5. **रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण का कल होगा समापन, खेले जाएंगे चार मैच।**

******************

लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन ने जोर लगाना शुरू कर दिया है। राज्यभर में ताबड़तोड़ चुनावी रैलिया, जनसभा और कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सिमडेगा के ठेठईटांगर में बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ स्तर पर भाजपा को विजयी बनाने के लिए काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर श्री मरांडी ने मोदी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए उपलब्धियां गिनाईं। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। केंद्र सरकार ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर और माता, बहनों की चिंता की है। लोगों को पक्का मकान मिला है और भोजन बनाने के लिए रसोई गैस कनेक्शन भी दिया गया है। इस मौके पर अबुआ झारखंड पार्टी के लिबनुस और उनके कई समर्थक भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, पूर्व विधायक विमला प्रधान सहित कई लोग उपस्थित थे।

******************

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने आज गढ़वा जिले के भवनाथपुर में इंडी गठबंधन से राजद प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में चुनावी सभा की। इस दौरान श्रीयादव ने कहा कि भाजपा के पास विकास का मुद्दा नहीं है, इसलिए भाजपाई धर्म की बात कहकर आपस में लड़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने हेमंत सोरेन का उदाहरण देते हुए कहा कि गंगा–जमुनी तहबीज को बचाने वालों को डराया धमकाया जा रहा है और जेल में डालने का काम किया जा रहा है।

******************

लोहरदगा के शहरी क्षेत्र में जामा मस्जिद के पास आज इंडी गठबंधन की ओर से चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि संविधान को बदलने तथा संविधान को बचाने की लड़ाई चल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में बनी कांग्रेस, झामुमो तथा राजद की गठबंधन सरकार बेहतर कार्य कर रही है।

******************

निर्वाचन आयोग ने आज तीन सौ चौवन पर्यवेक्षकों के साथ लोकसभा के चौथे चरण के मतदान की तैयारियों की समीक्षा की। वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से हुई बैठक में मुख्यि चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पर्यवेक्षकों को निष्पक्ष, स्वतंत्र और सुचारू मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने पर्यवेक्षकों से मतदान केन्द्रों पर विशेष रूप से गर्मी की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर 4डी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ केंद्रीय निर्वाचन आयोग के स्तर से मॉनिटरिंग की जानी है। श्रीकुमार आज निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग और व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

******************

दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरु हो गई है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन आज चार लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। इनमें निर्दलीय कमिश्नर मुर्मू, सीपीआई के राजेश किस्कू, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बेबी लता टुडू और अंबेडकर राइट पार्टी ऑफ इंडिया के राजू इमानुएल मुर्मू शामिल हैं। आज किसी उम्मीदवार ने नामांकन पर्चा दाखिल नहीं किया है।

******************

प्रर्वतन निदेशालय की टीम आज मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल को लेकर रांची के प्रोजेक्ट भवन स्थित झारखंड मंत्रालय गई। ईडी के अपर निदेशक कपिल राज के अलावा पूरी टीम ने प्रोजेक्ट भवन में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय में कागजात की जांच की। इस दौरान संजीव लाल के कार्यालय में दराज से लगभग दो लाख रुपये नगद बरामद किये गये हैं। मालूम हो कि ईडी ने कोर्ट के आदेश पर छह दिनों की पूछताछ के लिए संजीव लाल को रिमांड पर लिया है। संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम से ईडी 35 करोड़ रुपये की बरामदगी के मामले में पूछताछ कर रही है।

******************

राज्य के कई जिलों में पिछले चौबीस घंटे के दौरान हुई बारिश ने लोगों को तपती गर्मी से राहत दी है। इस कारण राज्यभर के अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। वहीं अगले तीन चार दिनों तक पलामू को छोड़कर अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। रांची स्थित मौसम केंद्र ने 13 मई तक के लिए वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश का भी पूर्वानुमान है।

******************

रांची में खेली जा रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता का कल समापन होगा। रांची के मोरहाबादी स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में कल चार मैच खेले जाएंगे। बता दें झारखंड की टीम 16 अंको के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है। दूसरे स्थान पर 14 अंको के साथ हरियाणा की टीम है।

******************

**सक्षिप्त खबरें**

- इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से वर्ल्ड रेड क्रॉस डे के अवसर पर फर्स्ट एड अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया।
- हजारीबाग समाहरणालय परिसर में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज स्वीप रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाहरणालय परिसर में आयोजित इस शिविर में 32 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।
- लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के बाद साहिबगंज के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, हेमंत सती ने वाहन कोषांग कार्यों की समीक्षा कर पोलिंग पार्टी के आवागमन के लिए वाहनों के संग्रह स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जरूरी दिशानिर्देश दिये।

- स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोहरदगा में एक शाम मतदाताओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखण्ड कार्यालय के समीप किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत कई पदाधिकारीगण शामिल थे।

**********समाप्त*********